>

Title: Need to undertake repair works on N.H. 7 and N.H. 75 passing through Satna Parliamentary Constituency in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, मध्य प्रदेश के अंदर मेरे लोक सभा क्षेत्र से होकर राÂष्ट्रीय राजमार्ग क्र0 7 एवं 75 निकलते हैं। दोनों सड़कों की हालत अत्यंत खराब है। एन.एच. 7 वेला से कटनी तक पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो गयी है। वाहन चलने पर इतनी धूल उड़ रही है कि सड़कों के किनारे बसे लोगों की हालत अत्यंत खराब हो गयी है। इसी तरह पन्ना देवेन्द्रनगर से लेकर सतना रीवा तक राÂष्ट्रीय राजमार्ग क्र0 75 भी गड्ढों में तब्दील हो रही है। इस मार्ग से निकलना अत्यंत कठिन हो गया है। मेरे द्वारा लगातार ध्यान आष्कृÂट कराने के बाद भी किसी भी तरह का सुधार नहीं हो पाया है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि दोनों सड़कों के सुधार हेतु तत्काल कदम उठाये जायें, साथ ही एन एच 7 पर मैहर के पास रेलवे ओवर ब्रिज एवं एन एच 75 पर सतना नगर में बाईपास के निर्माण कार्यों की स्वीकृति देकर तत्काल कार्य प्रारंभ कराये जायें।